4

सांसद खेल महोत्सव में छात्राओं ने मारी बाजी

## खबर संक्षेप

### घरेलू हिंसा एवं दूसरी शादी करने की शिकायत पर आरक्षक निलंबित

**जांजगीर-चांपा।** घरेलू हिंसा एवं दूसरी शादी करने की शिकायत के मामले में आरक्षक को पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने निलंबित कर दिया है। आरक्षक डण्डेश्वर बंजारे वर्तमान में रक्षित केन्द्र जांजगीर में पदस्थ है। उसकी पत्नी द्वारा उसके विरुद्ध घरेलू हिंसा एवं पत्नी रहते हुए भी दूसरी शादी करने संबंधी शिकायत की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरक्षक को प्रभाव से निलंबन किया गया है। प्रकरण की जांच महिला डीएसपी को दिया गया है। जांच होते तक आरक्षक डण्डेश्वर बंजारे निलंबित रहेगा।

### तीन दिवसीय बड़े भजन मेला का आयोजन 31 से

**मालखरौदा।** अखिल भारतीय रामनामी महासभा द्वारा बड़े भजन मेला का आयोजन ग्राम पंचायत जमगहन में 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक किया गया है। यह 117 वर्ष है। पहले दिन मंडावन होगा जबकि अंतिम दिन भंडारा का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय इस राम-राम बड़े भजन मेला में संत समागम का भी आयोजन किया गया है, जिसमें दूर-दूर से पधारे संत प्रवचन के माध्यम से लोगों को जागृत करेंगे। मुख्य अतिथि विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन होंगे, जबकि कार्यक्रम के अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक रामकुमार यादव करेंगे।

### जिले के सभी ग्रामों में विशेष ग्रामसभा का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार की नवीन योजना "विकसित भारत देश रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) - वीबीजी राम जी के प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता हेतु कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे के मार्गदर्शन में जिले के सभी ग्रामों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस विशेष ग्रामसभा में ग्राम स्तर पर व्यापक सहभागिता देखने को मिली, जिसमें ग्रामीणजन, श्रमिक, महिलाएं, अनुसूचित जाति-जनजाति परिवार एवं अन्य कमजोर वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रामसभाओं के दौरान वीबीजी राम जी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों, इसकी प्रमुख विशेषताओं तथा विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों को योजना से जुड़ी जानकारी देने के साथ-साथ अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं की मुद्रित प्रतियां भी वितरित की गईं। जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतों द्वारा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप अन्य विषयों को भी ग्रामसभा के एजेंडे में शामिल किया गया। आयोजन में संबंधित विभागों के विकासखंड स्तर के मैदानी एवं क्षेत्रीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की।

### 137 ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय बाल विवाह मुक्त

**जांजगीर-चांपा।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार ऐसे ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायो में जहां विगत दो वर्षों में बाल विवाह का प्रकरण ना हुआ हो, उन्हे बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं बाल विवाह मुक्त नगरीय निकाय घोषित किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिले में विकासखंड नवागढ से 79 ग्राम पंचायत, अकलतरा 56 एवं पामगढ 01 नगर पंचायत, नवागढ 01 नगर पंचायत में नियमानुसार विगत दो वर्षों में बाल विवाह का प्रकरण नही होने संबंधी दस्तावेज प्राप्त हुये है। नवागढ के शेष 16 (अमोदा, अवरीद, बुडेना, कचंदा, कनसदा, कर्रा, कटौद, खिसोरा, नवापारा, नेगुरडीह, पिथमपुर, रिंगनी, तेंदुआ, ठाकुरदिया, टुरी, उदयभाठा) ग्राम पंचायत एवं बलौदा के 1 (सिवनी) ग्राम पंचायत को छोडकर) समस्त ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाकर प्रमाण पत्र जारी करना है।

## सभी माइनर में पानी सहित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन

# बांगों लबालब, फिर भी पानी देने में आनाकानी, किसानों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जांजगीर-चांपा जिले के माटी पुत्र किसानों ने रबी फसल के लिए पूर्व की भांति सभी माइनर में पानी देने सहित धान बेचने में हो रही परेशानियों के निराकरण को लेकर मोर्चा खोल दिया। कृषि चेतना मंच के बैनर तले जिलेभर के किसान जिला मुख्यालय जांजगीर में इक्ट्ठे हुए, जहां दिनभर प्रदर्शन के बाद रैली निकालकर उन्होंने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। वहीं इस दिशा में समुचित कार्रवाई नहीं होने पर आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

शुक्रवार 26 दिसंबर को जिलेभर के किसान जिला मुख्यालय जांजगीर के केरा रोड स्थित बैरिस्टर भवन के पास इक्ट्ठे हुए। सुबह 11 बजे से ही किसानों के पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया था। यहां कृषक चेतना मंच के बैनर तले उन्होंने अपना प्रदर्शन शुरु किया। इस दौरान रबी फसल के लिए पूर्व वर्ष की भांति सभी माइनर से पानी देने की मांग सहित धान खरीदी केन्द्रों में हो रही परेशानी को लेकर अपनी बात रखी। कृषक चेतना मंच के जिला संयोजक ठाकुर राजशेखर सिंह, सहसंयोजक संदीप तिवारी सहित किसान नेताओं ने जल संसाधन विभाग की नीतियों को लेकर भारी नाराजगी जाहिर की। किसानों का कहना था कि जिन नहरों में मरम्मत नहीं हो रहा है, वहां पर भी पानी देने में आनाकानी हो रही है, जबकि हसदेव बांगो बांध में



पानी देने की मांग को लेकर रैली निकालते किसान।

पर्याप्त जल भराव है। इसी तरह रबी फसल के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज की व्यवस्था, कालाबाजारी पर रोक लगाने सहित 7 सूत्रीय मांगें रखी। इसके साथ ही वर्तमान धान खरीदी में किसानों के रकबा में हुई कटौती को लेकर भी उन्होंने कहा कि रकबा संशोधन कराने किसान अभी भी पटवारी कार्यालय और तहसील का चक्कर लगा रहे है। इसी तरह किसानों को बैंक में मांग के अनुरुप भुगतान नहीं हो रहा है। इस तरह की सभी समस्याओं के निराकरण को लेकर उन्होंने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।



उपस्थित किसानों को संबोधित करते कृषक चेतना मंच के जिला संयोजक।

### एबीसी और जेबीसी में पानी देने बनी थी सहमति

किसानों ने कहा कि जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में एबीसी और जेबीसी में रबी फसल के लिए पानी देने सहमति बनी थी। इस दौरान जिन नहरों में कार्य नहीं होना है, वहां पानी देने की बात कही गई थी, लेकिन जल संसाधन विभाग की मनमानी कार्यशैली से यह तय नहीं हो पा रहा है। अधिकांश गांवों के किसान दुविधा की स्थिति में है, जहां काम नहीं होना है, वहां पर भी पानी देने में आनाकानी हो रही है। कृषक चेतना मंच ने स्पष्ट किया है कि जहां काम नहीं होना है, वहां किसानों को पानी मिलना चाहिए।


जेसीबी के माध्यम से खंभा व डिवाइडर को हटाता प्रशासनिक अमला।

## टोल प्लाजा कर्मियों ने खंभे व डिवाइजर लगाकर बायपास मार्ग को किया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



टोल प्लाजा के कर्मचारियों द्वारा अवैध रुप से बाइपास रोड को जाम कर दिया गया, जिसके चलते लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद जेसीबी मशीन के माध्यम लगाए गए बेरिकेटिंग को हटाया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर पैकरा व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

■ प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद जेसीबी मशीन से हटाया गया खंभा व डिवाइडर

गौरतलब है कि सक्ती स्थित टोल प्लाजा के कर्मचारियों द्वारा अवैध रुप से आम रास्ते को बाधित करके खंभे और बीच में डिवाइडर लगाकर बायपास मार्ग को जाम कर दिया गया, जिसके चलते लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस मामले को लेकर नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष द्वारा कलेक्टर को अवगत कराया गया, जिसके बाद कलेक्टर ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जेसीबी के माध्यम से खंभे एवं बीच में लगाए गए डिवाइडर को हटवाने की कार्रवाई की। इस संबंध में नागरिक सुरक्षा फाउडेशन के जिलाध्यक्ष रामनरेश यादव ने बताया कि टोल प्लाजा के कर्मचारियों द्वारा अवैध रूप से आम रास्ता को बाधित कर दिया गया था। रास्ता में खंभे और बीच में डिवाइडर लगा मार्ग अवरोध किया और रोड के बगल में बड़ा गड्ढा कर दिया गया, जिससे रात्रि में एक कार दुर्घटनाग्रता हो गई। आए दिन टोला प्लाजा के कर्मी द्वारा आमजनों से दुर्व्यवहार किया गया जाता है। जिससे आमजन और शासकीय कार्य से जाने वाले लोग परेशान रहते है। श्री यादव ने इस विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया जिसके बाद प्रशासन के द्वारा अवैध रूप से रखे गए खंभे को जेसीबी मशीन के द्वारा हटाया गया, जिसके बाद उक्त मार्ग पर लोगों की आवाजाही बहाल हो सकी। उक्त कार्यवाही में संयुक्त कलेक्टर पैकरा और पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर विकाश राठौर कार्यवाही में उपस्थित थे।

## नववर्ष के पहले दिन होगा सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ, एसपी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नव वर्ष में सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ रक्तदान शिविर के साथ जांजगीर के सी मार्ट परिसर में किया जाएगा। जिले के सभी समाज के संगठनों के सदस्यों को रक्तदान शिविर एवं सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। जिले के पुलिस जवान स्वयं रक्तदान करेंगे। कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार पहुंचे। पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा कार्यक्रमों की श्रृंखला



का शुभारंभ रक्तदान शिविर के आयोजन के साथ 1 जनवरी को सुबह 10 बजे जांजगीर कचहरी चौक के सी मार्ट परिसर में किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात विभाग द्वारा विविध आयोजन के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए वाहन चलाने की बात कही जाती है।

### उद्यानिकी फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 तक

**सक्ती।** जिला अंतर्गत कृषक पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत उद्यानिकी फसलों की सुरक्षा हेतु 31 दिसम्बर तक फसल बीमा के लिए आवेदन कर सकते हैं। योजना अंतर्गत रबी मौसम की फसलें टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, आलू एवं प्याज का बीमा कराया जा सकता हैं। बीमा कराने के लिए इच्छुक किसान अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति, भारतीय बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि अथवा उद्यानिकी विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों से संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं। बीमा अंतर्गत अधिसूचित फसलों के लिए बीमित राशि का 5 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर की दर से प्रीमियम निर्धारित किया गया है। अधिसूचित फसलों में देय प्रीमियम प्रति हेक्टेयर की दर से निर्धारित की गई है।

## जनता के जनादेश को योजनाबद्ध ढंग से किया जा रहा निष्प्रभावी : सारथी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रोहित दीप्ति सारथी ने शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर तीखे और गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर में जनता के जनादेश को योजनाबद्ध ढंग से निष्प्रभावी किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में

■ अध्यक्ष ने प्रेसवार्ता कर नगर पालिका अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप


पत्रकारों से चर्चा करती नगरपालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी।

कहा कि प्रशासनिक तंत्र जनप्रतिनिधि को पंगु बनाकर मनमानी शासन प्रणाली चला रहा है।

प्रेसवार्ता में अध्यक्ष ने कहा कि वे निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जनता के प्रत्यक्ष समर्थन से निर्वाचित हुई हैं। नगरवासियों द्वारा सौंपे गए विश्वास को निभाने के लिए उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देने का प्रयास किया, लेकिन सीएमओ द्वारा हर स्तर पर अवरोध खड़े किए जा रहे हैं। अध्यक्ष ने कहा कि सीएमओ एक सीमित ठेकेदार समूह के हितों की रक्षा में संलग्न हैं और नगरहित के कार्यों में जानबूझकर प्रशासनिक सहयोग नहीं दिया जा रहा। जब स्वार्थपूर्ण दबाव सफल नहीं हुआ, तो प्रताड़ना, मानसिक दबाव और परिषद स्तर पर अपमानजनक व्यवहार का सहारा लिया गया। परिषद की बैठकों में हुए दुर्व्यवहार पर भी सीएमओ द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई, जो उनकी मंशा को उजागर करता है। प्रेसवार्ता में अध्यक्ष ने पूर्व में उजागर हुए गौण खनिज प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि इस भ्रष्टाचार को विधानसभा में अकलतरा विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा उठाए जाने के बाद संबंधित अधिकारी और कर्मचारी निलंबित हुए तथा एफआईआर के आदेश जारी हुए थे। इसके बावजूद आज भी अधिकारी निर्भीक होकर नियमों को ताक पर रखकर कार्य कर रहे हैं, जिससे यह प्रश्न उठता है कि संरक्षण किस स्तर से प्राप्त है। अध्यक्ष रोहित दीप्ति सारथी ने बताया कि उन्होंने कलेक्टर सहित नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया, किंतु अब तक कोई ठोस हस्तक्षेप नहीं हुआ। उन्होंने इसे प्रशासनिक उदासीनता और जनतंत्र के प्रति असंवेदनशीलता करार दिया।अंत में अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि उनके लिए पद नहीं, जनता सर्वोपरि है। यदि जनादेश के साथ यह दमन जारी रहा, तो नगरवासी इसे चुपचाप स्वीकार नहीं करेंगे।

## आवागमन करने में वाहन चालकों के साथ ग्रामीणों को हो रही परेशानी

# आंदोलन व चक्काजाम के बाद भी पीथमपुर मार्ग जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चक्काजाम एवं आंदोलन करने के चार माह बाद भी जोबी पीथमपुर मार्ग की सड़क की स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। मार्ग में जगह-जगह गड्ढे बन जाने के कारण वाहन चालकों सहित ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है। वहीं मामले को लेकर अफसरो के द्वारा तत्काल पहल करने का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन इसके चार माह बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है, जिसके कारण लोगो को मजबुरन बदहाल सड़क से होकर आवागमन करने की मजबूरी बनी हुई है।

विदित हो कि जिला मुख्यालय जांजगीर से जोबी होते हुए पीथमपुर जाने वाले सडक की स्थिती बद से बदतर हो चली है। इस तरह की समस्या विगत पांच सालों से बनी हुई है। इसके बाद भी सडक मरम्मत पर ध्यान तक नही दिया जा रहा है। खास बात यह है कि जोबी पीथमपुर बदहाल सडक की मरम्मत कार्य कराने को लेकर चार माह पहले ही


बदहाल पीथमपुर-जर्वे मार्ग।

ग्रामीणों के द्वारा जांजगीर चाम्पा मुख्य मार्ग के जोबी खोक्सा बायपास मार्ग रेल्वे ओवर ब्रीज के पास जांजगीर चाम्पा के विधायक ब्यास नारायण कश्यप सहित जर्वे के सरपंच एवं अन्य लोगो के द्वारा सड़क मरम्मत की मांग को लेकर जांजगीर-चाम्पा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम एवं आंदोलन भी किया गया था। इस दौरान अधिकारियों को द्वारा तत्काल सड़क मरम्मत करने की बात कही गई थी, लेकिन आश्वासन दिये चार महीने बीत चुके है। इसके बाद भी सड़क की स्थिति किसी छिपी नहीं है। इस मार्ग के माध्यम से जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिर बाबा कलेश्वर नाथ के दर्शन करने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने के लिए जाते है। वहीं पूरे सावन महीने यहां बाबा का दर्शन करने बड़ी संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंचे है। सावन सोमवार को यहां पैर रखने तक की जगह नहीं रहती है। वहीं होली के बाद धूल पंचमी के दिन से यहां पंद्रह दिवसीय मेला भी लगता है। इस समस्या को लेकर जिम्मेदार विभाग के अफसरों का ध्यान तक नहीं है। इस संबंध में जांजगीर एसडीएम सुब्रत प्रधान का कहना है कि जोबी-पीथमपुर मार्ग खराब होने की जानकारी मिली है। मरम्मत कार्य को लेकर संबंधित अफसरों को दिशा-निर्देश दिया जाएगा।

## आपदा प्रबंधन के लिए नावों का निरीक्षण, 4 पाई गईं खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी योग्यता साहू के निर्देशानुसार शुक्रवार 26 दिसंबर को शिवरीनारायण में आपदा प्रबंधन के अंतर्गत नावों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का कार्य विशंभर राठौर के नेतृत्व में किया गया, जिसमें शिवरीनारायण में पदस्थ आपदा प्रबंधन टीम के सभी सदस्य शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान नायक शिव साहू, सैनिक कृष्णा कुमार, राधेश्याम, अशोक पांडेय, ब्रजेश, वाहन चालक कमल किशोर, सीएमओ नगर पंचायत शिवरीनारायण एवं पार्षदगण उपस्थित रहे। इस दौरान कुल 27 नावों का भौतिक निरीक्षण किया गया, जिसमें से 8 नावें बहुत अच्छी स्थिति में, 9 नावें मध्यम स्तर की पाई गईं, जबकि 6 नावों में अधिक पानी भराव की समस्या पाई गई। इसके


निरीक्षण करता आपदा प्रबंधन की टीम।

अलावा 4 नावें खराब पाई गईं, जिन्हें चिन्हांकित कर कंडम श्रेणी में रखा गया है। निरीक्षण उपरांत 23 नावों को क्रमांक (नंबर) आवंटित कर प्रत्येक नाव पर चालक का नाम एवं मोबाइल नंबर अंकित किया गया। शेष नावों का निरीक्षण समयाभाव के कारण नहीं हो सका, जिन्हें आगामी निरीक्षण में जांच कर आवश्यक क्रमांक आवंटित किया जाएगा। इस निरीक्षण का उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित राहत कार्य सुनिश्चित करना बताया गया।

## खबर संक्षेप



### तुलसी पूजन दिवस पर योग वेदांत समिति ने किया आयोजन

**कोरबा।** विष्णुप्रिया, विश्वरूपा, वृंदा सहित दस नाम से पहचान जाने वाली तुलसी की विशेष पूजा आज तुलसी पूजन दिवस पर की गई। योग वेदांत समिति ने आयोजन को किया। ट्रांसपोर्ट नगर प्रेस कंपलेक्स में योग वेदांत समिति के आव्हान पर काफी संख्या में लोग इकट्ठे हुए। समिति ने तुलसी पूजन करने के साथ काफी संख्या में तुलसी के पौधों का वितरण लोगों को किया। तुलसी के धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। नकारात्मक शक्तियों से निपटने के अलावा विभिन्न प्रकार की बीमारियों में तुलसी की उपयोगिता को लोगों ने गंभीरता से जाना। संत आसाराम के अनुयायियों ने तुलसी पूजन के बाद यहां से एक शोभायात्रा निकाली इसमें मुख्य फोकस तुलसी की गुणधर्मिता और उसे व्यवहारिक जीवन में अपनाने पर था। योग वेदांत सेवा समिति के पदाधिकारी और सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

### जातिगत गाली गलौज देने से मना किया तो आरोपी ने कर दिया जानलेवा हमला

**कोरबा।** सिविल लाईन थाना अंतर्गत स्थित बैगिनडभार बस्ती में एक व्यक्ति द्वारा



जातिगत गालीगलौच किये जाने से मना करने पर आरोपी ने उस पर डडा से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। उसके सिर व आंख में गंभीर चोटें आई है। पीड़ित ने इसकी सिविल लाईन थाने में की गई, लेकिन पुलिस द्वारा न तो रिपोर्ट लिखी गई और न ही हमलावर को गिरफ्तार किया है। जिससे पीड़ित व्यक्ति का पूरा परिवार दहशत में है। पीड़ित की पत्नी लक्ष्मी देवी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की है कि 21 दिसंबर की रात्रि 10 बजे राजू घर के सामने अलाव ताप रहा था। तभी राम प्रसाद लालू नामक दो व्यक्ति वहां पहुंचे और उसके पति से बातचीत करने लगे उसी समय बब्बू पिता रविन्द्र भी वहां पहुंचा और उसके पति को गंदी गंदी तथा जातिगत गाली देने लगा पति द्वारा मना किए जाने पर बब्बू आक्रोशित हो और डंडे से जानलेवा हमला कर लहुलुहान करर दिया। आंख व सिर से खून बहने लगा। इस दौरान लालू उसके पति का पीछे पकड़ा रहा बब्बू के हमले में घायल राजू को सिविल लाईन थाने ले जाएगा गया। पीड़िता ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की है।

### कलेक्टर ने ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का किया त्रैमासिक निरीक्षण

**कोरबा।** कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ई.वी.एम. एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में रखी गई ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रिकॉर्ड, रख-रखाव, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था तथा प्रवेश नियंत्रण प्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि वेयरहाउस परिसर में सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा निर्वाचन से संबंधित उपकरणों के रख-रखाव और दस्तावेजीकरण में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। कलेक्टर श्री दुदावत ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेयरहाउस परिसर की साफ सफाई, सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं मशीनों की स्थिति का समय-समय पर परीक्षण किया जाए। उन्होंने सभी अभिलेखों एवं मशीनों की स्थिति का परीक्षण कर आवश्यक सुझाव भी दिए। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी वेयरहाउस संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी प्रदान की।

# क्रिसमस पर गिरिजाघरों में हुई विशेष प्रार्थना, की गई सुख शांति की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

क्रिसमस पर्व को लेकर जिले भर के तमाम गिरजाघरों में उत्सव का माहौल रहा। बुधवार की रात्रि के समय जैसे ही घड़ी का कांटा 12 में पहंचा पादरियों ने प्रभु आगमन का संदेशा दिया। प्रभु यीशु का चरनी में दर्शाए गए प्रतीकात्मक जन्म की झांकी का दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कैरोल व प्रार्थना गीत के साथ प्रभु के आगमन के संदेश से गिरजाघर गूंज उठे। दूसरे दिन गुरुवार को गिरिजाघरों में क्रिसमस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। चर्च के पादरियों के द्वारा प्रभु यीशु के संदेश को सुनाया गया।

गिरजाघर के पादरियों द्वारा प्रभु आगमन के संदेश को सुनाकर सबको यह आल्हादित किया कि चिंता न करो तुम्हारा प्रभु तुम्हारी संबलता बढ़ाने के लिए नई उमंग व विश्वास के साथ तुम्हारे साथ है। जगमगाते क्रिसमस ट्री व खास कर घांस से निर्मित चरनी में ख्रीष्ट के जन्म की प्रस्तुति लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। नये परिधान के साथ बुजुर्ग युवा महिला पुरूष सभी खुशियां मनाने के लिए शामिल हुए। शहर के प्रमुख चर्च नासरत मेनोनाईट, मिशन रोड चर्च, निर्मला स्कूल सहित तमाम प्रमुख गिरजा घरों में गुरुवार को सुबह 9 बजे से मसीही समाज के सदस्य विशेष प्रार्थना सभा के लिए पहुंचे हुए थे। जहां चर्च के पास्टर के द्वारा संसार के कल्याण के अवतरित प्रभु के आगमन पर बायबल के संदेशो को पढ़कर सुनाया गया। इस दौरान मोमबत्ती प्रज्जवलित कर प्रकाशित पर्व के रूप में प्रभु के संदेश को आत्मसात किया गया। प्रार्थना के माध्यम से सुख शांति व अमन की कामना की गई है। गड़रिया दल के साथ मसीहियों ने कैरोल सांग के माध्यम से प्रभु यीशु का संदेश दिया। गिरिजा घरों में सांताक्लाज वेश धरे मसीही बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। गिरजाघरों के अलावा घरों में भी केक के अलावा मिठाईयां बांट कर खुशियों का इजहार किया गया। शहर के अलावा जिले के उपनगरीय क्षेत्रों में कटघोरा, जमनीपाली, कुसमुंडा, गेवरा, बांकी मोंगरा, पाली, करतला, बालको आदि स्थानों में स्थिति गिरजा घरों में क्रिसमस पर्व की धूम रही।

### प्रार्थना गीतों से गूंज उठे थे गिरजाघर

**खास बात**

- शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के चर्च में दिन भर रही चहल पहल



## कटघोरा नगर पालिका नहीं दे रहा ध्यान

# चौपाटी बनी मवेशियों का अड्डा, गंदगी और बदबू के बीच आनंद लेने को मजबूर लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर में नगर पालिका द्वारा आम नागरिकों के मनोरंजन और सुव्यवस्थित ठेला–खुमचियों की व्यवस्था के उद्देश्य से बनाई गई चौपाटी आज खुद अव्यवस्था और गंदगी का शिकार हो गई है। तहसील भाटा, वार्ड क्रमांक 2 में पुष्पवाटिका के बाहर प्रांगण में नव निर्मित इस चौपाटी की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है।

नगर पालिका ने शहर के चौक-चौराहों और बस स्टैंड जैसे व्यस्त क्षेत्रों में अव्यवस्थित रूप से लगने वाले ठेला और खुमचियों को एक स्थान पर व्यवस्थित करने के लिए चौपाटी का निर्माण तो कराया, लेकिन इसके रखरखाव और स्वच्छता पर कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। चौपाटी में संचालित फास्ट फूड दुकानदारों द्वारा खाने-पीने का कचरा इधर-उधर फेंक दिया जाता है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी फैल रही है। रात्रि के समय सड़क पर विचरण करने वाले मवेशी कचरे की वजह से चौपाटी की ओर आकर्षित हो जाते हैं चूंकि चौपाटी में तीनों साइड से राश्ता खुला होने की वजह से मवेशी यहां पहुंचकर चौपाटी में खान पान कर रहे नागरिकों के जलपान में मुह मारते हैं व कचरा फैलाते हैं और गंदगी कर ठेलो के सामने बैठ जाते हैं परिणाम स्वरूप चौपाटी परिसर में बदबू और अस्वच्छता का माहौल बन गया है। इस स्थिति के कारण परिवारों, महिलाओं और बच्चों को यहां आकर समय बिताने में असहजता महसूस हो रही है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका के कर्मचारी सफाई व्यवस्था को लेकर कोई खास रुचि नहीं दिखा रहे हैं। नियमित सफाई न होने से चौपाटी का उद्देश्य ही समाप्त होता नजर आ रहा है। वहीं अधिकांश दुकानदारों के द्वारा भी कचरा एक निर्धारित स्थान पर डालने या डस्टबिन की व्यवस्था नहीं की गई है।



इस तरह मवेशियों का लगता है जमावड़ा।

# नपा अध्यक्ष ने हितग्राहियों को बांटे राशन कार्ड



**बांकीमोंगरा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन की दिशा में एक और कदम बढ़ाया गया है। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा के हाथों क्षेत्र के पात्र परिवारों को गरीबी रेखा राशन कार्ड का वितरण किया गया।

कार्ड पाकर हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। वहीं पालिका अध्यक्ष श्रीमती झा ने आश्वासन दिया कि नगर पालिका क्षेत्र के हर पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिलेगा। इस दौरान कार्ड प्राप्त करने वाले वृद्धजनों और महिलाओं ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें राशन प्राप्त करने में सुगमता होगी। वितरण कार्यक्रम के दौरान श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को भी शासन की कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिले। राशन कार्ड केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि गरीब परिवारों के खाद्य सुरक्षा की गारंटी है।

# छात्रों और ग्रामीणों को बारिश में नहीं होगी परेशानी पितनी नदी में बनेगा 2 करोड़ की लागत से पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

विकासखंड पाली व कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उतरदा में पितनी नदी जो रामपुर, धौराभांठा, अंडीकछार, चोढ़ा के ग्रामीणों का आवागमन जो पाली जनपद मुख्यालय को जोड़ती है। बारिश के दिनों में यह नदी उफान पर रहती है, जिसे पार करना आसान नहीं होता। नदी की धारा कम होने पर उतरदा में अध्यनरत बच्चे कमर भर पानी, बस्ता को सिर पर रखकर पार करने को मजबूर थे, भींगे ड्रेस से विघालय पहुंचना पढ़ाई कर और पुनः भींगते हुए नदी पार करना बच्चों के बुलंद हौसले को इंगित करता है। इस गंभीर समस्या को अखबार में प्रत्येक वर्ष प्रमुखता से प्रकाशित किया जाता रहा। पिछले वर्ष इस कार्य के लिए राशि भी मिल गई लेकिन मामला मंत्रालय में विभागीय अड़चन की वजह से फाइल रुकी रही। वही कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने अपने चुनाव जितने के बाद नदी पर पुल बनवाने को प्राथमिकता में शामिल किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से इस समस्या और मांग को प्रमुखता से रखा। जिसका बुधवार को पूरे विधि विधान से भूमिपूजन किया गया। निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा किया जाएगा। जिसकी लागत राशि 2 करोड़ 25 लाख से बनने वाले रोड एवं पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शुभारंभ किया गया। यह बहुप्रतीक्षित परियोजना उतरदा पहुंच मार्ग से आगे रामपुर–पाली को जोड़ने का कार्य करेगी, जो लंबे समय से लंबित थी। इस अवसर पर विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि इस महत्वपूर्ण सड़क एवं पुल के निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को वर्षभर सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।

**खास बात**

- विधायक ने पुल निर्माण को बताई थी अपनी पहली प्राथमिकता



भूमिपूजन करते अतिथि।

### परिवार चौपाल से बदलेगा सामाजिक व्यवहार, स्वास्थ्य पोषण को मिलेगी नई दिशा



**कोरबा।** जिले में समुदाय आधारित स्वास्थ्य, पोषण एवं लैंगिक समानता को सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक अभिनव पहल परिवार चौपाल की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य सामुदायिक स्तर पर भोजन, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी प्रथाओं को मजबूत करना तथा लैंगिक समावेशन को प्रभावी ढंग से लागू करना है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत के सभागार में महिला स्व सहायता समूहों एवं बिहान कैडर के सदस्यों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को खेल-आधारित गतिविधियों, सहभागितामूलक अभ्यासों एवं संवादात्मक सत्रों के माध्यम से परिवार चौपाल की अवधारणा से अवगत कराया गया।

## मासिक सुरक्षा संकल्प के चार वर्ष हुए पूरे

# बालको ने सुरक्षा को बनाया कार्य संस्कृति का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने अपनी मासिक सुरक्षा पहल सुरक्षा संकल्प के चार वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह उपलब्धि कार्यस्थल सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में बालको की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शुरुआत से ही यह सुरक्षा सुदृढ़ीकरण, सक्रिय सहभागिता और सतत सुधार के लिए एक प्रभावी मंच के रूप में स्थापित हुई है, जो सुरक्षा प्रबंधन के प्रति बालको के प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

दिसंबर 2021 में शुरू की गई सुरक्षा संकल्प सुरक्षा को किसी स्वतंत्र गतिविधि के बजाय मूल प्रचालन अनुशासन के रूप में स्थापित है। प्रत्येक माह की पहली तारीख को आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम काउंसलिंग, खतरा आकलन, रियल-टाइम फीडबैक और सुधारात्मक कार्यों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करता है। बीते चार वर्षों में इस पहल ने कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदार के बीच नियमों के पालन, जोखिम के प्रति जागरूकता और जवाबदेही को उल्लेखनीय रूप से मजबूत किया है। इसके 48वें सत्र में 15 सौ से अधिक कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदार की भागीदारी रही, जो इसकी व्यापक सहभागिता को दर्शाती है। हर माह एक विशेष सुरक्षा विषय पर केंद्रित सत्रों के माध्यम से सार्थक चर्चाएं, ऑडिट और सुधारात्मक कदम संभव हुए हैं, जिससे संगठन में साझा जिम्मेदारी और मजबूत सुरक्षा संस्कृति विकसित हुई है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको में सुरक्षा हमारी जीरो हार्म सोच पर आधारित एक निरंतर प्रतिबद्धता है। सुरक्षा संकल्प ने हमें अपने प्रचालन में सुरक्षा से जुड़े व्यवहारों को नियमित रूप से परखने और सुधारने की क्षमता को सुदृढ़ करने में मदद की है। हम केवल नियमों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कर्मचारियों में जागरूकता, जिम्मेदारी और सही मानसिकता विकसित करने पर जोर देते हैं। नियमित संवाद और तकनीक-सक्षम निगरानी के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सुरक्षा हमारी दैनिक कार्यप्रणाली का अभिन्न हिस्सा बनी रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित बालको के अधिकारी।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661


राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हर्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थैमोराइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# जापान में रिलीज होगी एनिमल, 1000 करोड़ क्लब में हो जाएगी शामिल

**मुंबई।** रणबीर कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'एनिमल' ने 2023 में रिलीज के वक्त बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचाया था। दो साल बाद अब यह फिल्म फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस बार यह फिल्म भारत में नहीं बल्कि जापान में रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने बुधवार को सोशल मीडिया पर ऐलान किया कि रणबीर कपूर स्टारर यह फिल्म फरवरी 2026 में जापान में रिलीज होगी। भारत में इसने 553 करोड़ रुपये की कमाई की थी। वर्ल्डवाइड इसने 915 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म भारत में अब तक सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। उम्मीद की जा रही है कि जापान में रिलीज होने के बाद यह फिल्म 1000 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी।

लाइफ Style



# चित्रांगदा

## गलवान सिर्फ फिल्म नहीं, बल्कि इमोशन

नेटफ्लिक्स की 'रात अकेली है-द बंसल मर्डर्स' में चित्रांगदा सिंह के किरदार को सराहा जा रहा है। जल्द वह बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान संग 'बैटल ऑफ गलवान' में भी नजर आएंगी। उन्होंने फिल्म के लेकर बात की।

एजेंसी ⏭ मुंबई

चित्रांगदा ने उम्मीद जताई है कि ये फिल्म उनके कॅरियर को नई दिशा देगी। 'रात अकेली है-द बंसल मर्डर्स' सोशल मीडिया पर छा चुकी है। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सिंह की एक्टिंग को बहुत सराहा जा रहा है। अपने किरदार और फिल्म पर बात करते हुए चित्रांगदा सिंह ने कहा कि फिल्म में उनके किरदार में दुख है, टेंशन है, सस्पेंस है, और पावर भी है। एक ही समय पर एक किरदार अलग-अलग इमोशंस से जूझ रहा है और मेरे लिए एक एक्ट्रेस होने के नाते, मुझे इस किरदार के जरिए अपनी कला को दिखाने का मौका मिला है। अपनी फिल्म को मिल रही तारीफ को लेकर चित्रांगदा ने कहा कि ये दर्शकों का प्यार और हमारी टीम की मेहनत है, जहां दर्शकों ने हर किरदार को प्यार दिया है। मैं सबसे ज्यादा श्रेय राइटर्स को दूंगी, क्योंकि उन्होंने एक-एक लाइन को ऐसा लिखा है कि कुछ बदलाव करने की जरूरत ही नहीं थी और फिल्म थ्रिलर थी, तो किरदार के साथ एक्सपेरिमेंट भी नहीं कर सकते हैं।' सलमान खान के साथ फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में काम करने के अनुभव पर चित्रांगदा ने कहा, 'गलवान' फिल्म सिर्फ फिल्म नहीं है, ये एक इमोशन है, क्योंकि फिल्म में मसाला देखने को नहीं मिलेगा। फिल्म में कई ऐसे सीन्स हैं जो आपको इमोशनल कर देंगे। ये एक कमर्शियल फिल्म है और उम्मीद है कि इससे मेरा कॅरियर और बेहतर होगा।

## हॉलीवुड मसाला



# बड़ी कीमत चुकाने का लिया फैसला

**लॉस एंजिल्स।** जुलाई महीने में कोल्ड प्ले के म्यूजिक कॉन्सर्ट में एक किस कंट्रोवर्सी हुई। जिसमें एक कंपनी एस्ट्रोनॉमर के सीईओ और एचआर का अफेयर चर्चा का विषय बन गया। दोनों को अपनी नौकरियां तक गंवानी पड़ी। अब महीनों बाद कंपनी की पूर्व एचआर एग्जीक्यूटिव क्रिस्टिन कैबोट ने इस मामले पर चुप्पी तोड़ी है। क्रिस्टिन कैबोट कहती हैं, 'मैंने एक गलत फैसला लिया। उस दिन थोड़ा ड्रिंक किया था। फिर अपने बॉस के साथ गलत तरीके से डांस किया, बिहेव किया।



# स्पेनिश गायक एनरिक ने किया चौथे बच्चे का स्वागत

**लॉस एंजिल्स।** स्पेनिश गायक-गीतकार एनरिक इग्लेसियस एक बार फिर पिता बन गए हैं। 50 वर्षीय एनरिक ने पूर्व टेनिस स्टार एना कोर्निकोवा के साथ 17 दिसंबर को अपने चौथे बच्चे का स्वागत किया। इंस्टाग्राम पर एना ने एक संयुक्त पोस्ट के जरिए फैंस के साथ इस गुड न्यूज को साझा किया है। साथ ही कपल ने बच्चे की पहली झलक भी दिखाई है। अपने बच्चे की झलक दिखाते हुए एना कोर्निकोवा और एनरिक ने कैप्शन में सिर्फ लिखा है, 'हमारी जिंदगी की रोशनी। कपल ने जो तस्वीर साझा की है, उसमें बच्चा सफेद रंग के एक ब्लेंकेट में लिपटा हुआ है। सिर पर टोपी लगाए बच्चे के पास एक टेडी बीयर भी रखा है। हालांकि, कपल ने अभी ये कंफर्म नहीं किया है कि ये बेटा है या बेटी। नए बच्चे का स्वागत करते ही एनरिक और एना का परिवार अब छह सदस्यों का हो गया है।



# आज तक ऐसे अवतार में नजर नहीं आईं

**मुंबई।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की नई फिल्म 'मैसा' का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म से रश्मिका की पहली झलक सामने आ गई है। एक ऐसे अवतार में रश्मिका नजर आ रही हैं जो आजतक नजर नहीं आया है। मंदाना ने अब तक अपनी मासूम मुस्कान, चुलबुले किरदारों और रोमांटिक भूमिकाओं से दर्शकों के दिल जीते हैं, लेकिन उनकी आने वाली पैन-इंडिया फिल्म 'मैसा' का टीजर यह साफ कर देता है कि अभिनेत्री अब अपने करियर के एक बिल्कुल नए और साहसी मोड़ पर कदम रख चुकी हैं। हाल ही में रिलीज हुए टीजर में रश्मिका का ऐसा रूप देखने को मिला है, जिसने फैंस और इंडस्ट्री दोनों को चौंका दिया है। टीजर की शुरुआत में ही आवाज सुनाई देती है जो बताती है कि ये कहानी एक ऐसी बेटी की है जो मौत के सामने झुकने से इनकार कर देती है।



# 26 साल पुराना डांस वीडियो वायरल

**मुंबई।** अक्षय खन्ना एक तरफ जहां 'धुरंधर' को लेकर तारीफें बटोरने में जुटे हुए हैं वहीं उनके कई पुराने वीडियोज़ और इंटरव्यू अब सुर्खियों में हैं। अक्षय खन्ना ऐश्वर्या के साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं और उन दिनों उनके अफेयर की भी खूब खबरें रही थीं। अब ऐश्वर्या के साथ अक्षय का 26 साल पुराना स्टेज परफॉर्मेंस वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों अपनी ही फिल्म के फेमस गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। अक्षय और ऐश्वर्या का ये वीडियो साल 1999 में हुए मियामी में स्टेज पर परफॉर्मेंस का है, जिसमें दोनों अपनी फिल्म के पॉप्युलर गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। दोनों के इस वीडियो पर एक बार फिर से दर्शकों और फैन्स का प्यार बरस रहा है। आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' की रिलीज के साथ ही अक्षय की सादगी पर लोग एक बार फिर से फिदा हैं।

## टीवी मसाला




# द ग्रेट इंडियन कपिल शो में महिला क्रिकेट टीम

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा का शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया सीजन नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है। पहले एपिसोड में प्रियंका चोपड़ा ने शिरकत की थी। अब वीकेंड एपिसोड में कॉमेडी और क्रिकेट के गौरव का रंग जमेगा। दूसरे एपिसोड में महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी आने वाली हैं, जिन्होंने हाल ही में ऐतिहासिक वर्ल्ड कप जीता है। पर फैंस के लिए बुरी खबर ये है कि स्मृति मंधाना नहीं आएंगी। कुछ दिनों पहले ही पलाश मुच्छल के साथ उनकी शादी टूटी है। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में कैप्टन हरमनप्रीत कौर के साथ ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह, हरलीन देओल, राधा यादव, प्रतिका रावल और मुख्य कोच अमोल मजूमदार नजर आएंगी। पर भारतीय क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना नदारद हैं। प्रोमो में दिखाया गया है कि ट्रॉफी उठाने से पहले हरमनप्रीत ने भांगड़ा किया था, जिसके बारे में उन्होंने बताया कि उन्हें स्मृति मंधाना ने ही प्रेरित किया था। जेमिमा ने कहा, 'हैरी दीदी हम लोगों की बात नहीं सुनती हैं। पर स्मृति ने बोला था कि अगर भांगड़ा नहीं किया तो मैं पूरी लाइफ बात नहीं करूंगी।' आप इस शो को 27 दिसंबर को रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। प्रोमो वीडियो पर फैंस के रिएक्शन भी आ रहे हैं। एक ने कहा, 'स्मृति मिसिंग हैं।' दूसरे ने कहा, 'ये बहुत एंटरटेनिंग एपिसोड होगा।' एक और फैन ने स्मृति का जिक्र करते हुए कहा कि वो नहीं हैं।

## दे दे प्यार दे 2 ओटीटी पर हो रही रिलीज


**नई दिल्ली।** बाप की उम्र का अधेड़ और अमीर आदमी, एक नए जमाने की चुलबुली लड़की। दोनों का इश्क, शादी की प्लानिंग और इस चक्कर में मची अफरा-तफरी। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह स्टारर 'दे दे प्यार दे 2' सिनेमाघरों में बीते महीने 14 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। 150 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भले ही 74.21 करोड़ रुपए की कमाई की, लेकिन इसने दर्शकों को थिएटर्स में हंसाया जरूर। अब यह फिल्म अगले महीने 9 जनवरी, 2026 को ओटीटी पर स्ट्रीमिंग की तैयारी कर रही है। 'दे दे प्यार दे 2' साल 2019 की पॉपुलर हिट रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'दे दे प्यार दे' का सीक्वल है। अंशुल शर्मा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म की कहानी तरुण जैन और 'प्यार का पंचनामा' फेम लव रंजन ने लिखी है। यह लंदन में बसे आशीष चावला और उसकी गर्लफ्रेंड आयशा चौधरी की लव स्टोरी को आगे बढ़ाती है। पिछली फिल्म में हमने देखा था कि आशीष अपनी गर्लफ्रेंड को अपनी एक्स वाइफ और बच्चों से मिलवाता है।



# नौशाद अली की यादों में हमेशा जिंदा रहा नवाबों का शहर...

**नई दिल्ली।** मशहूर संगीतकार नौशाद अली हिंदी फिल्मों के सबसे बड़े नामों में से एक हैं। उन्होंने सिर्फ 65-67 फिल्मों में ही संगीत दिया, लेकिन उनका संगीत आज भी लोगों के दिलों में बसता है। उन्होंने हिंदी सिनेमा में शास्त्रीय संगीत को लोकप्रिय बनाया और फिल्म संगीत को एक नई ऊंचाई दी। नौशाद अली का जन्म 25 दिसंबर 1919 को उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर में हुआ था। लखनऊ को नवाबों का शहर कहा जाता है, जो संस्कृति और संगीत का बड़ा केंद्र रहा है। उनके पिता वाहिद अली एक मुंशी थे। घर में संगीत को अच्छा नहीं माना जाता था, लेकिन नौशाद को बचपन से ही संगीत का बहुत शौक था।

**लखनऊ की यादें** : वह देवा शरीफ के मेले में जाते थे, जहां बड़े कव्वाल और संगीतकार गाते थे। उन्होंने उस्तादों से हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत सीखा। साइलेंट फिल्में देखकर नोट्स बनाते थे और हारमोनियम बजाने का मौका पाने के लिए एक दुकान पर काम करते थे। लखनऊ की गलियां और मुहल्ले उनकी यादों में हमेशा जिंदा रहे। उन्होंने एक गजल में लिखा था- 'वह गलियां, वह मुहल्ले, सब बन गए कहानी, मैं भी था लखनऊ का, यह बात है पुरानी।'



**संघर्ष के दिन और मुंबई का सफर** : 17 साल की छोटी उम्र में 1937 में नौशाद लखनऊ छोड़कर मुंबई चले गए। शुरुआती दिनों में बहुत संघर्ष किया। फुटपाथ पर सोना पड़ा। पहले बड़े संगीतकारों के सहायक बने। फिर 1940 में फिल्म 'प्रेम नगर' से स्वतंत्र संगीतकार के रूप में शुरुआत की। असली सफलता 1944 में फिल्म 'रतन' से मिली। इसके गाने इतने हिट हुए कि वह रातोंरात स्टार बन गए।

***कॅरियर की चमक और मशहूर फिल्में*** : *नौशाद ने शकील बदायुनी जैसे गीतकारों और मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर जैसे गायकों के साथ काम किया। उन्होंने रफी और लता को बहुत मौके दिए। उन्होंने उनकी फिल्मों में शास्त्रीय रागों का इस्तेमाल किया, जो उस समय नया था। उनकी कुछ मशहूर फिल्में हैं- 'बैजू बावरा', 'अंदाज', 'मदर इंडिया', 'मुगल-ए-आजम', 'गंगा जमुना' और राम और श्याम'। उन्होंने अपने संगीत से लोगों को कई फिल्मों में झूमने पर मजबूर किया।*

***सम्मान और आखिरी सफर*** : *मुगल-ए-आजम को जब रंगीन किया गया, तो नौशाद बहुत खुश हुए। उनकी आखिरी फिल्म 'ताज महल' (2005) थी। उनके योगदान के लिए 1981 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार और 1992 में पद्म भूषण मिला। 5 मई 2006 को उनका निधन हो गया।*

# वेलकम टू द जंगल में अक्षय का दिखा अलग अंदाज



**मुंबई।** अक्षय कुमार ने गुरुवार को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'वेलकम टू द जंगल की पूरी कास्ट की तरफ से आप सभी को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं। फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में आ रही है। मैं कभी इतने बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं रहा। हममें से कोई भी नहीं। हम आपको अपना तोहफा देने के लिए बेताब हैं। शूटिंग पूरी हो गई। शाबाश, दोस्तों! इसे साकार करने में शामिल सभी लोगों का बहुत बड़ा योगदान रहा। हमारी तरफ से आप सभी को 2026 के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं।'इसके साथ ही अक्षय ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है। इस वीडियो में 'वेलकम टू द जंगल'की पूरी कास्ट नजर आ रही है। जाहिर है कि इस फिल्म में अब तक की सबसे बड़ी कास्ट नजर आ रही है, जिसमें कई दिग्गज कलाकार शामिल हैं। अक्षय के इस वीडियो में उनके अलावा सुनील शेट्टी, अरशद वारसी, रवीना टंडन, तुषार कपूर, राजपाल यादव, परेश रावल, आफताब शिवदसानी, जैकलीन फर्नांडीज, जॉनी लीवर, पुनीत इस्सर, दिशा पाटनी समेत कई और एक्टर्स भी नजर आ रहे हैं।

## क्रिसमस डे के मौके पर कई सेलेब्स ने करीबियों और दोस्तों को दी बधाई

# तमन्ना ने सजाया ट्री, बिग बी ने उठाया कुकीज का लुत्फ

*मुंबई। गुरुवार को पूरी दुनिया में क्रिसमस डे मनाया गया। इसे लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह रहा। कोई चर्च गया तो कोई क्रिसमस ट्री सजाया। क्रिसमस ईसाई धर्म का खास त्यौहार है, हालांकि इस दौर में इसे लगभग सभी लोग मनाते हैं। लोग अपने करीबियों और दोस्तों को बधाई देते हैं और सोशल मीडिया पर स्टेटस लगाते हैं। इसी तरह से कई सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर क्रिसमस डे के मौके पर पोस्ट की है।*

**तमन्ना भाटिया** : अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने क्रिसमस डे के मौके पर इंस्टाग्राम पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि वह क्रिसमस ट्री सजा रही हैं और उसके साथ पोज दे रही हैं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा है 'हो हो हो मेरी क्रिसमस'।

**बिग बी ने उठाया कुकीज का लुत्फ** : क्रिसमस के अवसर पर अमिताभ बच्चन ने भी एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट साझा कर लिखा क्रिसमस पर उन्होंने खास कुकीज मंगाकर खाईं। उन्हें इसका स्वाद इतना पसंद आया कि थोड़ी देर बाद फिर से मंगवाएंगे। उन्होंने जहां से ऑर्डर किया, उस दुकान का नाम भी बताया है।



**शिल्पा शेट्टी** : शिल्पा शेट्टी ने अपने पति और अपने बच्चों के साथ क्रिसमस मनाया है। वह अपने परिवार के साथ बाहर घूमने गई हैं और पोज दिए हैं।

**बिपाशा बसु** : अभिनेत्री बिपाशा बसु ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह अपने पति करण ग्रोवर के साथ रेड ड्रेस में डांस कर रही हैं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा है 'मेरी क्रिसमस।'

**मौनी रॉय** : मौनी रॉय ने क्रिसमस के मौके पर लहंगे में पोज दिए हैं। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने फैंस को क्रिसम की बधाई दी है।

**सोनाक्षी सिन्हा-जहीर इकबाल** : सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने क्रिसमस डे मनाया है। दोनों ने क्रिसमस ट्री के साथ अपनी तस्वीरें शेयर की हैं और क्रिसमस की बधाई दी है।

***कृति शेट्टी*** : *कृति शेट्टी ने क्रिसमस के मौके पर शानदार पोज दिए हैं। उन्होंने फैंस को क्रिसमस की बधाई दी है।*

***सोफी चौधरी*** : *रंग-बिरंगी ड्रेस में सोफी चौधरी ने क्रिसमस ट्री के साथ बेहतरीन पोज दिए हैं। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है 'आप पर एक्स मास का आशीर्वाद बना रहे।'*

***करिश्मा शर्मा*** : *करिश्मा शर्मा ने क्रिसमस ट्री के पास पोज दिए हैं। उन्होंने इस साल मिले प्यार और सबक के लिए सांता को धन्यवाद कहा है।*

***अहाना कुमरा*** : *अहाना कुमरा ने क्रिसमस ट्री के साथ कई पोज दिए हैं। उन्होंने अपने फैंस को क्रिसमस पर बधाई दी है।*

## खबर संक्षेप

### अभाविप के जिला संयोजक व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों का हुआ स्वागत



**जांजगीर-चांपा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जांजगीर चांपा के नवनियुक्त जिला संयोजक उदय पाण्डेय व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सिद्धार्थ तिवारी, अनामिका सिंह व दिगंबर सिंह का जांजगीर के हृदय स्थल कचहरी चौक में ढोल ताशे बजाकर व आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान अभाविप कार्यकर्ताओं व छात्रों द्वारा नवनियुक्त जिला संयोजक व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों को माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी नवनियुक्त जिला संयोजक उदय पाण्डेय का स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जांजगीर चांपा के जिला विधार्थी विस्तारक ताम्रध्वज साहू द्वारा नवनियुक्ती पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने अभाविप की कार्य प्रणाली को मजबूत करने की बात कही। जिला संयोजक उदय पाण्डेय ने नये दायित्व मिलने पर अभाविप के प्रति आभार व्यक्त किया व नवीन दायित्व का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन कर संगठन को मजबूती देने व कार्यकताओं के भरोसे पर खरा उतरने की बात कही। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों ने आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया व संगठन विस्तार व जयघोष कर उत्साह वर्धन किया। स्वागत कार्यक्रम नगर के हृदय स्थल कचहरी चौक (भारत माता चौक) में किया गया, जिसमें अभाविप कार्यकर्ताओं, छात्रों व शुभचिंतकों ने आत्मीय रुप से स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभाविप कार्यकर्ताओ ने सहभागिता निभाई।

### पुष्पांजलि अर्पित कर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को किया याद



**जांजगीर-चांपा।** भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती अवसर पर अटल चौक ग्राम सेमरा में 25 दिसम्बर को ग्रामीण व कार्यकर्ताओ द्वारा अटल स्तम्भ एवं अटल के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया एवं संध्याकाल दीप प्रज्वलन कर प्रसाद स्वरुप मिष्ठान वितरण किया गया। पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कौशिक ने अटल के जीवन पर प्रकाश डालते हुये उपस्थित जनो को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवेंद्र सिंह सरपंच, शिवगोपाल कश्यप सोसायटी अध्यक्ष, अरुण यादव, दीना कश्यप, राम लाल साहू प्रभात सिंह महाबीर कश्यप, उतरा साहू शंकर कश्यप, राजेश कश्यप, गोपी कश्यप सुरेन्द्र साहू, दीनदयाल कश्यप, कांति कश्यप, मनमोहन साहू रज्जू कश्यप सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

### एटक जिला परिषद ने पीड़ित परिवार से जाकर की मुलाकात



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूर रामनारायण बघेल उम्र 40 वर्ष को केरल में 17 दिसम्बर को भीड़ ने बांग्लादेशी समझकर पीट पीट कर मार डाला था, जिसे लेकर केरल में एटक से संबंधित प्रवासी मजदूर संगठन ने पीड़ित परिवार को सहयोग करते हुए केरल सरकार से पीड़ित परिवार को 30 लाख की आर्थिक मदद देने के लिए अपील की थी। जिसे केरल सरकार ने कैबिनेट की बैठक में निर्णय लेते हुए पीड़ित परिवार को 30 लाख की आर्थिक मदद देने का फैसला किया है। इस मामले की जानकारी केरल के प्रवासी मजदूर संगठन एटक के साथियों ने छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूर संगठन के साथियों को दी जिसे संज्ञान में लेते हुए जिला के एटक जिला परिषद के साथियों का. सुधीर यादव, जिलाध्यक्ष ,का. रघुनंदन सोनी,का. श्याम कुमार बरेठ, ताराशंकर पटेल, अन्नू साहू, आशा सोनी, निर्मला कंवर ने मृत स्व. रामनारायण बघेल ग्राम-करही जिला - सक्ती जाकर परिवार से मुलाकात कर मिलने वाली आर्थिक मदद की जानकारी भी दी। साथ ही उनके इस दुखद समय में हम सभी एटक परिवार आपके परिवार की मदद के लिए हमेशा खड़े रहने का वादा किया।

## निधन

### श्रीमती लीला बाई बरेठ



**बेल्हाडीह।** ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक दीनबधु बरेठ की धर्मपत्नी श्रीमती लीला बाई बरेठ की 80 वर्ष की उम्र में 26 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को अपरान्ह 3 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रगति को लेकर राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को ली बैठक

# संभाग आयुक्त ने जिले के तीनों विधानसभा के विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा संभाग आयुक्त बिलासपुर सुनील कुमार जैन को जांजगीर-चांपा हेतु जिला रोल ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। शुक्रवार 26 दिसंबर को संभाग आयुक्त ने जिले के तीनों विधानसभा के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया।

साथ कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रगति एवं संबंधित विषयों पर राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे, उप जिला निवार्चन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, शिशिर द्विवेदी, हितेश यादव, शाहिद खान, हेमंत कुमार यादव, ललित बघेल, अभिषेक मिश्रा, प्रदीप सराफ, जगमोहन सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक संभागायुक्त श्री जैन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशानुसार छत्तीसगढ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में चलाये जा रहे निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके तहत 23 दिसम्बर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन जिले के समस्त मतदान केन्द्रों के साथ-साथ ईआरओं तथा एईआरओं कार्यालय में कर दिया गया है। 22 जनवरी तक दावा-आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही तथा प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण 14 फरवरी तक की जा रही है। निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। प्ररूप प्रकाशन की यह सूची ईआरओं/एईआरओं कार्यालय के सूचना-पटल एवं एक फोटो रहित सॉफ्टकापी की इमेज पीडीएफ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के वेबसाईट पर भी आम-जन हेतु प्रदर्शित की गई है। उन्होंने मतदाता सूची के अद्यतन, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र नामों के विलोपन तथा पुनरीक्षण कार्य की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के संबंध में जानकारी दी तथा सभी मतदान केन्द्रों में बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा। संभाग आयुक्त सुनील कुमार जैन ने विधानसभा अकलतरा अंतर्गत शासकीय जनपद प्राथमिक शाला अमरताल, विधानसभा जांजगीर-चांपा के शासकीय प्राथमिक शाला हटवारा पारा खोखरा तथा पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला मुड़पार (ब) के मतदान केन्द्र निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त ने संबंधित मतदान केन्द्रों के बीएलओ से कुल मतदाताओं की संख्या, मृत मतदाताओं, स्थानांतरित तथा अनुपस्थित मतदाताओं की जानकारी विस्तार से ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित मतदाताओं से सीधे संवाद कर मतदाता सूची का भौतिक मिलान किया तथा सूची की शुद्धता और अद्यतन स्थिति की जांच की। संभाग आयुक्त ने बीएलओ को निर्देशित किया कि सभी मतदान केन्द्रों में अद्यतन मतदाता सूची अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने नए मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु फार्म-6, मौजूदा निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने या हटाने के प्रस्ताव से संबंधित फार्म-7, निवास परिवर्तन, प्रविष्टि में सुधार एवं एपिक (मतदाता परिचय पत्र) में संशोधन से संबंधित फार्म-8 के आवेदन की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने दावा-आपत्ति प्रक्रिया एवं विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



लोगों से जानकारी लेते संभा आयुक्त सुनील कुमार जैन।



## सांसद खेल महोत्सव में छात्राओं ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

■ नगर की बेटियों ने रस्सा कस्सी खेल में हासिल की प्रथम स्थान

संसदीय क्षेत्र स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में नगर के छात्राओं ने पूरे ससंदीय क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल कर नगर का मान बढ़ाया है। जिले के इंटरनेशनल हॉकी खेल मैदान में आयोजित खेल प्रतियोगिता में पूरे सांसदीय क्षेत्र के कई स्कूलों के छात्रों ने भाग लेकर प्रदर्शन किया। वहीं रस्सा कस्सी खेल प्रतियोगित में नगर के गायत्री मंदिर विद्यालय व जानकी देवी महंत विद्यालय के छात्रों ने एकजुट होकर रस्सा कस्सी खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर एक नई मुकाम हासिल की है। उल्लेखनीय है कि सांसद खेल प्रतियोगिता में तमाम खेल शामिल है, जिसमे रस्सा कस्सी में नगर के छात्र भाग लेकर बखुबी प्रदर्शन कर टॉप में रही है। संकुल स्तरीय से प्रारंभ हुए इस सांसद खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर इन छात्रों को ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में हुनर दिखाने को मौका मिला था, जहां बम्हनीडीह में खेल का आयोजन हुआ वहां भी प्रथम स्थान हासिल करने के बाद जिले स्तर में खेलने को मौका मिला। इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में आयोजित खेल प्रतियोगिता में सारागांव मध्य बिलाईगढ़ के बीच मैच हुआ, जिसमें सारागांव के छात्रों की टीम ने बिलाईगढ़ को पराजित कर पूरे संसदीय क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल कर नगर को गौरवान्वित किया है। खेल प्रतियोगिता में मोनिका वसुंधरा दिव्या रेणुका श्रद्धा साक्षी बबिता अंजली सुमन शामिल रहे। नगर के छात्रों की इन उपलब्धि में नगर वासियों सहित स्कूल के शिक्षकों में उत्साह देखी जा रही है।

## विकास कार्यों के लिए विधायक ने 80 लाख की प्रदान की स्वीकृति



**अकलतरा।** विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा विधायक निधि 2025-26 एवं पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण से विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गावों एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए 80 लाख रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुईं है। उन्होंने अकलतरा नगर के पोंडी भांठा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु-10 लाख रू., नरियरा नगर में सुशांत टंडन के घर के पास व पोस्ट ऑफिस के सामने सांस्कृतिक भवन निर्माण हेतु-10 लाख रू, ग्राम-अमोरा के फोकट पारा में सांस्कृतिक मंच निर्माण हेतु-04लाख रू., ग्राम-तरोद के वार्ड क्रमांक -16 में सांस्कृतिक मंच निर्माण हेतु, 04 लाख रू, ग्राम-पकरिया के पचरइहा तालाब में शेड निर्माण हेतु 04 लाख रू, ग्राम-पोंड़ी (दल्हा) के टिकरी पारा में मंच निर्माण हेतु -03 लाख रू एवं ग्राम-कुरमा में सी.सी. रोड निर्माण हेतु 2.50 लाख रू सहित अन्य गावों में कुल 50 लाख रुपए के विकास कार्यों को विधायक निधि से स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण से ग्राम पंचायत कोटमी सुनार में सार्वजनिक उपयोग (स्वर्णकार समाज) हेतु सामुदायिक भवन निर्माण-10लाख रू, ग्राम-बरगवा में बाजार पारा के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु -10 लाख रू एवं ग्राम-महूदा (बलौदा) के स्कूल पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रू. स्वीकृति प्राप्त हुईं है। इस प्रकार विधानसभा क्षेत्र विकास के लिए कुल 80 लाख रुपए से अधिक राशि के विकास कार्यों क़ो स्वीकृति मिली है।

## सीएम ने वर्चुअल किया नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

■ सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

नगर पंचायत सारागांव में 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप मनाया गया। इस अवसर पर नगर के वार्ड क्र. 01 भाठापारा में निर्मित अटल परिसर में स्थापित अटल जी की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात अटल परिसर के पास बने पण्डाल में पुनः भारत माता, छ.ग. महतारी एवं स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के तै ल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना किया गया।

इस कार्यक्रम के बाद वक्ताओं द्वारा उनकी जीवनी, उनका संघर्ष, उनके राजनीतिक सफर, उनकी देश सेवा एवं छत्तीसगढ़ के प्रति अथाह प्रेम, समर्पण और छत्तीसगढ निर्माण के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही साथ उनके द्वारा रचित काव्यों का पाठ किया गया। राज्य सरकार एवं छत्तीसगढ शासन नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश के 115 नगरीय निकायों में अटल परिसर में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न प`. अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति का अनावरण प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य, विधानसभा अध्यक्ष एव` पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के अति विशिष्ट आतिथ्य एवं उप मुख्यमंत्री एव` भारसाधक मंत्री नगरीय प्रशासन विभाग अरूण साव की अध्यक्षता में रायपुर के फुडंहर मैदान से वर्चुअल तरीके से सम्पन्न हुआ। राज्य सरकार एवं छत्तीसगढ शासन नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह '' सुशासन दिवस'' के उपलक्ष्य में जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं प्रशासनिक कार्यो में पारदर्शिता लाने हेतु प्रशासन गांव की ओर 2025 राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत एक जनसमस्या निवारण शिविर की आयोजन '' अटल परिसर '' वार्ड क्र. 01 भाठापारा में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में छबि लाल सूर्यवंशी अध्यक्ष नगर पंचायत सारागांव, दिलेश्वर प्रसाद राठौर उपाध्यक्ष नगर पंचायत सारागांव एवं पार्षदगण श्रीमती भारती रामगोपाल यादव, बोध कुमार राठौर, श्रीमती सरिता सिदार, संतोष देवांगन, श्रीमती ममता अमरनाथ राठौर, सुश्री मनीषा भैना, विजय कुमार राठौर (सोनू) दिनेश कुमार रात्रे, श्रीमती अनिता सूयवंशी, श्रीमती कला कुमारी सूर्यवंशी, कैलाश केशरवानी, श्रीमती कुंतिबाई नागेशिया, श्रीमती दुर्गेश्वरी सतीश राठौर, भोला राम सूर्यवंशी, अनुभव तिवारी सांसद प्रतिनिधी जिला जांजगीर-चांपा, रवि शंकर पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधी सक्ती, धिरेन्द्र राठौर मंडल अध्यक्ष भाजपा सारागांव एवं गणमान्य नागरिकों के अलावा नगर पंचायत सारागांव के मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामनारायण यादव एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गौरीशंकर राठौर नगर पंचायत कर्मचारी एवं अभार प्रदर्शन रामनारायण यादव मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत सारागांव के द्वारा किया गया।




लोकार्पण अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

## विधायक ने किया सी.सी. रोड निर्माण का भूमिपूजन

**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ विकासखंड के ग्राम मुनुंद एवं कर्रा में जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने 7 लाख एवं 10 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सी.सी.रोड का भूमि पूजन किया। इस सी.सी.रोड निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति विधायक निधि से प्रदान की गई है। इस अवसर पर विधायक ब्यास कश्यप ने उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम का विकास हमारी प्राथमिकता है। जांजगीर-चांपा विधानसभा के कई ग्रामीण क्षेत्र ऐसे हैं जहां आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव हैं। सड़क, बिजली, पानी शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए आज भी लोग संघर्षरत हैं। पक्की सड़क के निर्माण हो जाने से ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। सड़कों के साथ ही पानी की निकासी के लिए गांवों में नालियों का निर्माण कराया जाना भी आवश्यक है। इस अवसर पर जिला पंचायत के पूर्व सदस्य दिनेश शर्मा, मोतीलाल पटेल, सरपंच द्वय अनिता भागीरथी कश्यप, प्रहलाद दिनकर, नंदकुमार कश्यप, रेखा राकेश कश्यप, पूर्णिमा राजू राठौर, नीरा गोविंद यादव, अनीशा बसंत सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



## संवेदनाओं और स्मृतियों के संग हुआ पुस्तक विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

भावनात्मक और पारिवारिक वातावरण में शुक्रवार को डॉ ऋत्विज तिवारी की दूसरी पुस्तक 'घर से मकान' का विधिवत विमोचन उनके पिताजी स्वर्गीय सुरेन्द्र तिवारी के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर संपन्न हुआ। यह अवसर केवल एक पुस्तक विमोचन का नहीं, बल्कि स्मृति, सम्मान और पारिवारिक मूल्यों को समर्पित एक भावपूर्ण क्षण बन गया। इस अवसर पर पुस्तक का विमोचन डॉ ऋत्विज तिवारी की बुआ श्रीमती जया तिवारी, श्रीमती स्वधा शर्मा, चाचा नीलमणि तिवारी, राघवेन्द्र तिवारी, शैलेन्द्र तिवारी, वीरेन्द्र तिवारी, तथा परिवार की वरिष्ठ सदस्य रामानुज तिवारी डॉ राजन तिवारी लवकुमार तिवारी, अंशुमान तिवारी,धवल तिवारी श्रीकांत मिश्रा,हिमांशु दुबे ऋचा उपाध्याय एवं अर्जुन तिवारी, दुर्गेश्वर तिवारी, दिनेश थवाईत, मनोज खरे सुरेश तिवारी के द्वारा किया गया। डॉ ऋत्विज तिवारी की यह दूसरी पुस्तक है। इससे पूर्व उनकी पहली पुस्तक 'तुम अपने हो' को पाठकों से अत्यंत स्नेह और सराहना प्राप्त हुई थी। अपनी नई कृति 'घर से मकान' में लेखक ने संयुक्त परिवार से एकल परिवार तक के सामाजिक और भावनात्मक परिवर्तन को संवेदनशील भाषा में प्रस्तुत किया है। यह पुस्तक केवल एक सामाजिक टिप्पणी नहीं, बल्कि रिश्तों, स्मृतियों और समय के साथ बदलते जीवन-मूल्यों की गहरी पड़ताल भी है। लेखक ने इस अवसर पर कहा कि यह पुस्तक उनके जीवन के अनुभवों, पारिवारिक संस्कारों और भीतर के संवादों से उपजी है। पिता की स्मृति में, परिवार के बीच इसका विमोचन उनके लिए अत्यंत भावुक और अर्थपूर्ण क्षण रहा। साहित्य प्रेमियों और सामाजिक विषयों में रुचि रखने वाले पाठकों के लिए 'घर से मकान' एक विचारोत्तेजक और संवेदनशील कृति सिद्ध होगी।




## ग्रामीणों ने भारत रत्न के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तुस्मा

ग्राम पंचायत तुस्मा के शबरी डेरा मोहल्ला में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती श्रद्धा, सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एकत्र होकर अटल बिहारी वाजपेई के योगदान को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित सभी लोगों ने उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेई न केवल एक कुशल राजनेता थे,बल्कि वे एक संवेदनशील कवि, ओजस्वी वक्ता और सच्चे राष्ट्रभक्त भी थे। उन्होंने देश को नई दिशा देने का कार्य किया। उनके कार्यकाल में देश ने विकास, सुशासन और राष्ट्रीय एकता के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर दिनेश साहू जनपद सदस्य, सरपंच सुष्मिता तरुण साहू उपसरपंच गोपी चंद साहू,पंच गीतांजलि साहू वीरेंद्र बंजारे,महावीर साहू,प्रवीण साहू,पुनि राम साहू,चंद्र प्रकाश साहू (शिक्षक) राजकुमार बंजारे गणेश पटेल,ईश्वर पटेल,गजेंद्र साहू,राजेश श्रीवास,हरप्रसाद पटेल मंगलू लहरे मौजूद रहे।



### पोड़ी दल्हा अघोर पीठ आश्रम में शिवमहापुराण कथा सप्ताह का भव्य शुभारंभ

## शिवमहापुराण, कर्म और मोक्ष के पथ पर अग्रसर करने वाला दिव्य ग्रंथ : शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

सृजन कला धर्मजागरण एवं आध्यात्मिक संस्था द्वारा आयोजित तथा "वैदिक पथ" के तत्वावधान में श्री शिवमहापुराण कथा एवं प्रवचन सप्ताह का भव्य एवं दिव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ अघोरपीठ जनसेवा अभेद आश्रम, पोड़ी दल्हा में हुआ। सात दिवसीय यह धार्मिक– आध्यात्मिक आयोजन 26 दिसम्बर से 1 जनवरी तक चलेगा।

इस अवसर पर वृंदावन से पधारे कथावाचक रामानुज सत्यम कृष्ण शुक्ल महाराज ने शिवमहापुराण की अमृतमयी कथाओं से श्रद्धालुओं को शिवभक्ति, ज्ञान, वैराग्य एवं अध्यात्म के रस से सराबोर किया। कथा का शुभारंभ दोपहर 2:31 बजे किया गया। कथा सप्ताह आयोजन के दौरान 28 दिसंबर को महाशिव रुद्राभिषेक का विशेष एवं भव्य आयोजन भी संपन्न होगा। व्यासपीठ से कथा का महात्म्य बताते हुए रामानुज सत्यम कृष्ण शुक्ल महाराज ने कहा कि शिवमहापुराण का श्रवण मात्र से जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट होते हैं तथा जीवन में सुख, शांति और सद्गति की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि शिवमहापुराण केवल एक कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, कर्म और मोक्ष के पथ पर अग्रसर करने वाला दिव्य ग्रंथ है। कथावाचक ने आगे कहा कि जो श्रद्धालु निष्ठा और श्रद्धा से शिवमहापुराण का श्रवण करता है, उसके जीवन के कष्ट स्वतः दूर होते हैं, मन को स्थिरता मिलती है और शिव कृपा से परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है। शिवमहापुराण के श्रवण से अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है तथा आत्मिक शुद्धि के साथ जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं, धर्मप्रेमियों एवं शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण शामिल हुए।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं एवं युवतियां।

## जिला पंचायत सभापति ने सिऊड़ के हिरेन्द्र को प्रदान किया श्रवण यंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू ने अपने क्षेत्र के एक वरिष्ठ नागरिक को श्रवण यंत्र प्रदान किया। नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सिऊड़ निवासी 87 वर्षीय हिरेन्द्र सिंह बनाफर को कानों में सुनने थोड़ी परेशानी थी, इस समस्या को देखते हुए, सभापति राजकुमार साहू ने तत्काल संज्ञान लेते हुए श्री सिंह को जिला पंचायत स्थित समाज कल्याण से श्रवण यंत्र प्रदान करवाया। श्रवण यंत्र मिलने उपरांत हिरेन्द्र सिंह ने सभापति को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मुझे श्रवण यंत्र मिलने से अब सुनने में किसी भी प्रकार से परेशानी नहीं होगा अब मैं भी अन्य सामान्य लोगों की तरह अच्छी तरह से सुन सकता हूँ और समझ सकता हूँ।

